पंजाब केसरी
SUN,19 JULY 2026
EDITION: HIMACHAL , PAGE NO. 5

# मैट्रिक पुनर्मूल्यांकन व पुनर्निरीक्षण का परिणाम घोषित

## छात्रों की सुविधा के लिए बोर्ड ने जारी किए विशेष हैल्पलाइन नंबर


धर्मशाला, 18 जुलाई (ब्यूरो): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला ने मार्च 2026 में आयोजित मैट्रिक नियमित परीक्षा के पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निरीक्षण के परिणाम आधिकारिक तौर पर घोषित कर दिए हैं।

जिन भी अभ्यर्थियों ने वार्षिक परीक्षा परिणाम आने के बाद अपने अंकों की दोबारा जांच के लिए आवेदन किया था, वे अब बिना किसी देरी के अपना संशोधित परीक्षा परिणाम ऑनलाइन देख सकते हैं।

छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बोर्ड ने इस पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन रखा है।

परीक्षार्थी अपना नया और संशोधित रिजल्ट हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की आधिकारिक वैबसाइट पर जाकर चैक कर सकते हैं। बोर्ड ने सभी संबंधित अभ्यर्थियों से विशेष आग्रह किया है कि वे वैबसाइट पर जाकर अपना परिणाम अवश्य जांच लें। साथ ही, किसी भी प्रकार के स्पष्टीकरण या जानकारी के लिए अफवाहों पर ध्यान देने के बजाय केवल बोर्ड द्वारा जारी किए गए अधिकृत हैल्पलाइन नंबरों का ही उपयोग करें।

**मार्च** 2026 में आयोजित मैट्रिक नियमित परीक्षा के पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निरीक्षण के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। छात्र बोर्ड की आधिकारिक वैबसाइट पर



जाकर अपना संशोधित रिजल्ट चैक कर सकते हैं। यदि किसी छात्र को पुनर्मूल्यांकन से संबंधित कोई जानकारी चाहिए तो वह कार्यालय समय के दौरान बोर्ड के दूरभाष नंबर पर संपर्क कर सकता है।

डॉ. राजेश शर्मा, अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड।

Amar Ujala 19-07-2026

# भीगने-फटने का झंझट खत्म, 10वीं-12वीं के वाटरप्रूफ सर्टिफिकेट बनाएगा शिक्षा बोर्ड

विपिन चौधरी

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के सर्टिफिकेट अब न तो पानी में भीग कर खराब होंगे और न ही उन्हें कोई आसानी से फाड़ सकेगा। ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी में तैयार किए जा रहे सर्टिफिकेटों की डुप्लीकेसी पर भी रोक लगेगी। सर्टिफिकेट मार्च 2026 में हुई परीक्षा के अभ्यर्थियों को इस बार वितरित किए जाएंगे।

अभी तक विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट नहीं मिले हैं। इस बार इन सर्टिफिकेटों में क्यूआर कोड भी अंकित होगा। शिक्षा बोर्ड के अनुसार इस बार 10वीं और 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी पर आधारित सर्टिफिकेट मुहैया करवाए जाएंगे। इन सर्टिफिकेटों को शिक्षा बोर्ड की ओर से तैयार किया जा रहा है। इन सर्टिफिकेटों की खासियत होगी कि यह वाटरप्रूफ होंगे। सर्टिफिकेटों में क्यूआर कोड भी अंकित किया जा रहा है। कोड स्कैन करने पर परीक्षार्थी का एकेडमिक रिकॉर्ड ऑनलाइन उपलब्ध हो जाएगा।

इस सुविधा का लाभ विशेष रूप से उन विद्यार्थियों को मिलेगा, जो उच्च शिक्षा, सरकारी नौकरियों या विदेश में एडमिशन के लिए आवेदन करते हैं। ऐसे मामलों में दस्तावेज वेरिफिकेशन की प्रक्रिया अक्सर लंबी होती है। क्यूआर कोड आधारित व्यवस्था से यह काम आसान और तेज हो सकेगा।

**क्या है ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी :** ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी एक डिजिटल और विकेंद्रीयकृत बही खाता है, इसका उपयोग डेटा या लेनेदेन को सुरक्षित रूप से रिकार्ड करने के लिए किया जाता है। यह सूचनाओं का एक ऐसा जाल है, जिसे हैक करना, हटाना या उसमें बदलाव करना लगभग असंभव होता है।

इस बार शिक्षा बोर्ड ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी के तहत सर्टिफिकेटों को तैयार कर रहा है। इन सर्टिफिकेटों में जहां क्यूआर कोड लगा होगा, वहीं इस व्यवस्था से सर्टिफिकेटों की डुप्लीकेसी भी रुकेगी। मार्च, 2026 में आयोजित हुई 10वीं और 12वीं कक्षा परीक्षाओं के अभ्यर्थियों को यह सर्टिफिकेट इस बार से मुहैया करवाए जा रहे हैं। **- डॉ. राजेश शर्मा, अध्यक्ष, शिक्षा बोर्ड धर्मशाला**

## पुनर्मूल्यांकन-पुनर्निरीक्षण के परिणाम घोषित

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने 10वीं कक्षा के पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निरीक्षण के परिणाम शनिवार को घोषित कर दिए हैं। बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि संशोधित परिणाम वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। किसी तरह की जानकारी के लिए अभ्यर्थी बोर्ड की ओर से जारी अधिकृत हेल्पलाइन नंबरों पर भी संपर्क कर सकते हैं। ब्यूरो

Amar Ujala 19-07-2026

# मार्च-2027 की परीक्षाओं के मॉडल प्रश्नपत्र किए जारी

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत मार्च-2027 में होने वाली कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के लिए मॉडल प्रश्नपत्र और अंक विभाजन जारी कर दिए हैं।

बोर्ड ने शनिवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी की। बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि मॉडल प्रश्नपत्र परख टैक्सोनॉमी के अनुरूप आधुनिक परीक्षा प्रणाली को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं। जिन व्यावसायिक (वोकेशनल) विषयों के पाठ्यक्रम में बदलाव हुआ है, उनके लिए भी नए मॉडल प्रश्नपत्र तैयार किए गए हैं। कक्षा पांचवीं के संशोधित पाठ्यक्रम को देखते हुए ग्रीष्मकालीन और शीतकालीन स्कूलों में होने वाली परीक्षाओं के लिए भी मॉडल प्रश्नपत्र तैयार किए गए हैं।

विद्यार्थियों और शिक्षकों की सुविधा के लिए सभी मॉडल प्रश्नपत्र और अंक विभाजन कक्षावार एवं विषयवार वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। ब्यूरो

Dainik Jagran
19-07-2026

# पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निरीक्षण का परिणाम किया घोषित

**जागरण संवाददाता, धर्मशाला** : हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने मार्च 2026 में आयोजित 10वीं कक्षा की नियमित परीक्षा के पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निरीक्षण का परिणाम घोषित कर दिया है। बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि जिन विद्यार्थियों ने अंकों से असंतुष्ट होकर पुनर्मूल्यांकन या पुनर्निरीक्षण के लिए आवेदन किया था, वे अब संशोधित परिणाम आनलाइन देख सकते हैं। विद्यार्थी स्कूल शिक्षा बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर रिजल्ट चेक कर सकते हैं। बोर्ड ने परिणाम संबंधी किसी भी जानकारी या समस्या के समाधान के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं। अधिक जानकारी के लिए विद्यार्थी फोन नंबर 01892-242158 और 01892-242122 पर संपर्क कर सकते हैं।

Divya Himachal
19-07-2026

# पुनर्मूल्यांकन पुनर्निरीक्षण का परिणाम घोषित

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने मार्च 2026 में आयोजित नियमित दसवीं कक्षा की परीक्षा के पुनर्मूल्यांकन (री-इवैल्यूएशन) एवं पुनर्निरीक्षण (री-चैकिंग) का परिणाम शनिवार को घोषित कर दिया है। परिणाम से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने के लिए अभ्यर्थी बोर्ड कार्यालय के दूरभाष नंबर 01892-242158 (पुनर्मूल्यांकन) तथा 01892-242122 (पुनर्निरीक्षण) पर संपर्क कर सकते हैं।

हिमभूमि का अग्रणी दल
दिव्य हिमाचल

# हिमाचल बोर्ड 10वीं के छात्रों का इंतजार खत्म, पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निरीक्षण के परिणाम हुए जारी



**धर्मशाला, (आपका फैसला)।** हिमाचल प्रदेश में 10वीं कक्षा (मैट्रिक) की परीक्षा दे चुके और अपने अंकों में सुधार की उम्मीद कर रहे छात्रों का इंतजार आखिरकार खत्म हो गया है। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड (HPBOSE), धर्मशाला ने मार्च 2026 में आयोजित मैट्रिक नियमित परीक्षा के पुनर्मूल्यांकन (Re-evaluation) और पुनर्निरीक्षण (Re-checking) के परिणाम आधिकारिक तौर पर घोषित कर दिए हैं। बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि छात्र अब बिना किसी देरी के अपना संशोधित परीक्षा परिणाम ऑनलाइन देख सकते हैं। जिन भी अभ्यर्थियों ने परीक्षा परिणाम आने के बाद पुनर्मूल्यांकन अथवा पुनर्निरीक्षण के लिए आवेदन किया था, उनकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए बोर्ड ने पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन रखा है। डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि परीक्षार्थी अपना नया और संशोधित रिजल्ट हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट www.hpbose.org पर जाकर चेक कर सकते हैं। होमपेज पर इसके लिए एक विशेष लिंक उपलब्ध करवा दिया गया है, जिस पर क्लिक करके छात्र अपना परिणाम आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। परिणाम को लेकर छात्रों के मन में उठने वाले सवालों और किसी भी प्रकार की तकनीकी परेशानी को दूर करने के लिए बोर्ड ने विशेष हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं। डॉ. शर्मा के अनुसार, यदि किसी छात्र को पुनर्मूल्यांकन (Re-evaluation) से संबंधित कोई जानकारी चाहिए, तो वह कार्यालय समय के दौरान बोर्ड के दूरभाष नंबर 01892-242158 पर संपर्क कर सकता है। वहीं, पुनर्निरीक्षण (Re-checking) से जुड़ी किसी भी पूछताछ के लिए 01892-242122 पर कॉल की जा सकती है। बोर्ड अध्यक्ष ने सभी संबंधित अभ्यर्थियों से विशेष आग्रह किया है कि वे वेबसाइट पर जाकर अपना परिणाम अवश्य जांच लें। साथ ही, किसी भी प्रकार के स्पष्टीकरण या जानकारी के लिए अफवाहों पर ध्यान देने के बजाय केवल बोर्ड द्वारा जारी किए गए इन अधिकृत हेल्पलाइन नंबरों का ही उपयोग करें।

डिजिटल अखबार
पहली नजर
सबसे पहले, सबसे तेज
पहली नजर
आज की ताजा खबर देखते रहिए
डिजिटल न्यूज पेपर पहली नजर के साथ
18 जुलाई, 2026 www.pehalinazar.com pehalinazarhp@gmail.com

# हिमाचल बोर्ड 10वीं के छात्रों का इंतजार खत्म, पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निरीक्षण के परिणाम हुए जारी

पहली नजर ब्यूरो, धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश में 10वीं कक्षा (मैट्रिक) की परीक्षा दे चुके और अपने अंकों में सुधार की उम्मीद कर रहे छात्रों का इंतजार आखिरकार खत्म हो गया है। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला ने मार्च 2026 में आयोजित मैट्रिक नियमित परीक्षा के पुनर्मूल्यांकन (रि-इवेल्यूएशन) और पुनर्निरीक्षण (री-चेकिंग) के परिणाम आधिकारिक तौर पर घोषित कर दिए हैं। बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि छात्र अब बिना किसी देरी के अपना संशोधित परीक्षा परिणाम ऑनलाइन देख सकते हैं।


वेबसाइट पर ऐसे चेक करें अपना

**बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट www.hpbose.org पर उपलब्ध हुआ लिंक**

**किसी भी शंका के समाधान के लिए हेल्पलाइन नंबर भी किए गए जारी**

संशोधित रिजल्ट जिन भी अभ्यर्थियों ने परीक्षा परिणाम आने के बाद पुनर्मूल्यांकन अथवा पुनर्निरीक्षण के लिए आवेदन किया था, उनकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए बोर्ड ने पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन रखा है।

डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि परीक्षार्थी अपना नया और



संशोधित रिजल्ट हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट www.hpbose.org पर जाकर चेक कर सकते हैं। होमपेज पर इसके लिए एक विशेष लिंक उपलब्ध करवा दिया गया है, जिस पर क्लिक करके छात्र अपना परिणाम आसानी से प्राप्त कर सकते हैं।

## बोर्ड ने जारी किए अधिकृत हेल्पलाइन नंबर

परिणाम को लेकर छात्रों के मन में उठने वाले सवालों और किसी भी प्रकार की तकनीकी परेशानी को दूर करने के लिए बोर्ड ने विशेष हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं। डॉ. शर्मा के अनुसार, यदि किसी छात्र को पुनर्मूल्यांकन (रि-इवेल्यूएशन) से संबंधित कोई जानकारी चाहिए, तो वह कार्यालय समय के दौरान बोर्ड के दूरभाष नंबर 01892-242158 पर संपर्क कर सकता है। वहीं, पुनर्निरीक्षण (री-चेकिंग) से जुड़ी किसी भी पूछताछ के लिए 01892-242122 पर कॉल की जा सकती है।

## वेबसाइट पर जाकर अपना परिणाम अवश्य जांचें

बोर्ड अध्यक्ष ने सभी संबंधित अभ्यर्थियों से विशेष आग्रह किया है कि वे वेबसाइट पर जाकर अपना परिणाम अवश्य जांच लें। साथ ही, किसी भी प्रकार के स्पष्टीकरण या जानकारी के लिए अफवाहों पर ध्यान देने के बजाय केवल बोर्ड द्वारा जारी किए गए इन अधिकृत हेल्पलाइन नंबरों का ही उपयोग करें।

JULY 19, 2026 SUNDAY DHARAMSHALA

The Sunny Times

# HP BOARD 10TH RE-EVALUATION RESULTS OUT, HELPLINES OPEN FOR THE STUDENTS




***Sunny Mahajan | Dharamshala***

The agonizing wait is finally over for Himachal Pradesh's 10th-grade army who looked at their initial report cards, refused to accept reality, and demanded a second opinion. The Himachal Pradesh Board of School Education (HPBOSE), based out of Dharamshala, has officially released the re-evaluation and re-checking results for the matric exams held back in March 2026. Board Chairman Dr. Rajesh Sharma confirmed that the digital dust has settled, and students can now log on to see if their desperate prayers for extra marks were actually answered.

For those who spent hard-earned pocket money on a recalculation gamble, the board has kept things mercifully simple by putting the whole circus online. Desperate students can skip the anxiety attacks and head straight to the official portal at www.hpbose.org, where a shiny, dedicated link is waiting to either make their day or confirm their original fate.

Because the board fully expects a meltdown of questions—and perhaps a few technical glitches born of pure panic—they have generously thrown a lifeline in the form of official helpline numbers. If you are losing sleep over a re-evaluation query, you can bother the board officials during office hours at 01892-242158, while those stressing over a basic re-checking tally can dial 01892-242122. Dr. Sharma explicitly urged students to actually check their own results instead of relying on the local neighborhood gossip network, stressing that if you want the real story, you should call their official numbers rather than consulting WhatsApp universities.